# दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय

## Central University of South Bihar

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अन्तर्गत स्थापित)

स्टेट हाइवे 7, गया-पंचानपुर रोड,ग्राम - करहरा, पोस्ट - फतेहपुर, थाना - टेकारी, जिला - गया (बिहार),
पिन - 824236


‘भारतीय भाषा केन्द्र’ (हिन्दी) के ‘बोर्ड ऑफ़ स्टडीज’ की बैठक का**‘कार्यवृत्त**

[**दिनांक** - 12 और 13 जुलाई, 2018; **समय** -: 10 बजे (पूर्वाह्न)

**स्थान** :- कमरा-संख्या 310, प्रशासनिक भवन, द.बि.के.वि., पंचानपुर ]

दिनांक 12 और 13 जलाई, 2018 को 10 बजे (पूर्वाह्न), ‘भारतीय भाषा केन्द्र’ के अध्यक्ष **डॉ. रवीन्द्र कुमार पाठक** के संयोजकत्व में, ‘दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय’ की अधिसूचना सन्दर्भ-संख्या : *CUSB/Acad/42-15/2013/3250/2016* (दिनांक-12-05-2016) द्वारा गठित और अधिसूचना सन्दर्भ-संख्या : *CUSB/Acad/42-15/2013/1612/2018*, (दिनांक-26-06-2018) द्वारा अवधि-विस्तारित, ‘भारतीय भाषा केन्द्र’ (हिन्दी) के ‘बोर्ड ऑफ़ स्टडीज’ की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :-

| क्रम-संख्या | नाम | ‘बोर्ड ऑफ़ स्टडीज’ (हिन्दी) में पद | उपस्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **दिनांक 12-07-18** | **दिनांक 13-07-18** |
| 1 | **डॉ. रवीन्द्र कुमार पाठक**<br>सह-प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी, उर्दू),<br>दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया | संयोजक<br>(Convener) | [signature] 12/7/18 | [signature] 13/7/18 |
| 2 | **प्रो. अवधेश प्रधान**<br>हिन्दी विभाग,<br>काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी | बाह्य सदस्य<br>(External Member) | [signature] | [signature] |
| 3 | **डॉ. प्रणव कुमार**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>राजनैतिक अध्ययन केन्द्र,<br>दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया | काग्नेट सदस्य<br>(Cognate Member) | [signature] 12/07/2018 | [signature] 13/07/18 |
| 4 | **डॉ. कफील अहमद नसीम**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (उर्दू) | काग्नेट सदस्य<br>(Cognate Member) | अहमद कफील 12.7.2018 | अहमद कफील 13.7.2018 |
| 5 | **डॉ. योगेश प्रताप शेखर**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी) | सदस्य<br>(Member) | योगेश 12.7.2018 | योगेश 13.7.2018 |
| 6 | **डॉ. कर्मानन्द आर्य**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी) | सदस्य<br>(Member) | [signature] 12/07/18 | [signature] 13/07/18 |
| 7 | **डॉ. शान्ति भूषण**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी) | सदस्य<br>(Member) | शान्ति भूषण 12/7/18 | शान्ति भूषण 13/7/18 |
| 8 | **डॉ. अनुज लुगुन**<br>सहायक प्राध्यापक,<br>भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी) | सदस्य<br>(Member) | [signature] 12/07/18 | [signature] 13/07/2018 |

उपर्युक्त बैठक में पूर्व-निर्धारित कार्य-सूची के अनुसार, सदस्यों के बीच 'सी.बी.सी.एस.' के अनुसार, **'स्नातकोत्तर** (एम.ए.) **हिन्दी'** कार्यक्रम के पाठ्यक्रम (जो शैक्षणिक वर्ष 2018-19 से प्रभावी होगा) के विकास और उसके **'अध्यादेश और विनियम'** (जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय-प्रशासन ने उपलब्ध कराया है) से सम्बन्धित विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद निम्नलिखित निर्णय लिये गये :-

1. बैठक में यह तय किया गया कि 'सी.बी.सी.एस.' के अनुसार, 'स्नातकोत्तर हिन्दी' के पाठ्यक्रम का ढाँचा निम्नवत् होगा :- कुल क्रेडिट **- 96** [आधारभूत वर्ग **- 56,** वैकल्पिक वर्ग **– 40]**

| स्टर | आधारभूत पत्र (प्रत्येक पत्र 4 क्रेडिटों का) | | वैकल्पिक पत्र (प्रत्येक पत्र 4 क्रेडिटों का) | | कौशल-संवर्द्धक पत्र (यह बिना केडिट का है) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कोर्स-कोड | कोर्स-शीर्षक | कोर्स-कोड | कोर्स-शीर्षक | कोर्स-कोड | कोर्स-शीर्षक |
| ला | MAHIN1001C04 | हिन्दी साहित्य का इतिहास | MAHIN1001E04 | साहित्य और सिनेमा | | |
| | MAHIN1002C04 | हिन्दी कहानी | MAHIN1002E04 | प्रयोजनमूलक हिन्दी | | |
| | MAHIN1003C04 | आधुनिक हिन्दी कविता : एक | MAHIN1003E04 | **दलित-साहित्य** ('स्वयम्' पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन कोर्स) / क्रेडिट 04/ **अवधि** :- दिनांक 21/08/18 से 04/12/18 तक | | |
| | MAHIN1004C04 | भाषाविज्ञान और हिन्दी भाषा | | | | |
| सरा | MAHIN2001C04 | आधुनिक हिन्दी कविता : दो | MAHIN2001E04 | हिन्दी भाषा-दक्षता | MAHIN2001S00 | विज्ञापन और हिन्दी |
| | MAHIN2002C04 | हिन्दी उपन्यास | MAHIN2002E04 | कम्प्यूटर, सोशल मीडिया और हिन्दी | | |
| | MAHIN2003C04 | हिन्दी नाटक और रंगमंच | | | | |
| | MAHIN20004C04 | निबन्ध और विविध गद्य-रूप | | | | |
| तीसरा | MAHIN3001C04 | प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी काव्य | MAHIN3001E04 | हिन्दी पत्रकारिता और जनसंचार | | |
| | MAHIN3002C04 | साहित्यशास्त्र : भारतीय और पाश्चात्य | MAHIN3002E04 | अनुवाद : सिद्धान्त और प्रयोग | | |
| | MAHIN3003C04 | अस्मितामूलक साहित्य | MAHIN3003E04 | साहित्य-अध्ययन का वैचारिक परिप्रेक्ष्य | | |
| चौथा | MAHIN4001C04 | हिन्दी आलोचना : सैद्धान्तिक और व्यावहारिक | MAHIN4001E04 | भारतीय साहित्य | | |
| | MAHIN4002C04 | हिन्दी-क्षेत्र का लोक-साहित्य | MAHIN4002E04 | प्रवासी हिन्दी साहित्य | | |
| | MAHIN4003C04 | समकालीन हिन्दी साहित्य | MAHIN4003E04 | सूफ़ी साहित्य | | |
| | | | MAHIN4004E04 | गजानन माधव मुक्तिबोध | | |

विश्वविद्यालय के नियमानुसार, **'स्नातकोत्तर हिन्दी'** कार्यक्रम के विद्यार्थी एक सेमेस्टर में न्यूनतम **20** और अधिकतम **32** क्रेडिट ले सकते हैं और इस प्रकार पूरे कार्यक्रम के दौरान उन्हें कुल **96** क्रेडिट लेने होंगे ।

निम्नांकित 14 'आधारभूत पत्र' (56 क्रेडिट) उनके लिए अनिवार्य हैं। वैकल्पिक वर्ग के 40 में से न्यूनतम 8 क्रेडिट उन्हें अन्य विभागों से लेने अनिवार्य हैं। वैकल्पिक वर्ग में वे अधिकतम 16 क्रेडिट अन्य विभागों से ले सकते हैं।

2. **'स्नातकोत्तर** (एम.ए.) **हिन्दी'** कार्यक्रम से सम्बन्धित **'अध्यादेश और विनियम'** (जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय-प्रशासन ने उपलब्ध कराया है) पर विस्तृत चर्चा के बाद उसके 14.2, 14.8, 14.9 और 14.10 अनुच्छेदों में सुधार और स्पष्टीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया और उसकी प्रति (जो संलग्न है) को विचारार्थ विश्वविद्यालय-प्रशासन को भेजने का निर्णय लिया गया। 'स्नातकोत्तर हिन्दी' के विकसित किये गये पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा इस कार्यवृत्त के साथ संलग्न है।

योगेश 13.7.2018
(डॉ. योगेश प्रताप शेखर)

13/07/18
(डॉ. कर्मानन्द आर्य)

शान्ति भूषण 13/7/18
(डॉ. शान्ति भूषण)

13/7/18
(डॉ. अनुज लुगुन)

अहमद कफील 13.7.2018
(डॉ. कफील अहमद नसीम)

13/7/18
(डॉ. प्रणव कुमार)

13/7/2018
(प्रो. अवधेश प्रधान)
बाह्य सदस्य,
हिन्दी विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

13/7/18
(डॉ. रवीन्द्र कुमार पाठक)
संयोजक, बोर्ड ऑफ स्टडीज (हिन्दी),
अध्यक्ष,
भारतीय भाषा केन्द्र,
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया

अध्यक्ष
HEAD
भारतीय भाषा केन्द्र (हिन्दी, उर्दू)
CENTRE FOR INDIAN LANGUAGES (HINDI, URDU)
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF SOUTH BIHAR